**फा.सं.सीए-05/17/2025-सीएयू एवं एएसआरबी**

**भारत सरकार**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**

**कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग**

**केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल, मणिपुर में कुलपति की नियुक्ति के संबंध में।**

केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल, मणिपुर में कुलपति के पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से एतद्द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। कार्य का विवरण, पात्रता शर्तों आदि का ब्यौरा और आवेदन प्रपत्र इसके साथ संलग्न है।

पूर्ण रुप से भरे गए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **06.07.2026 को शाम 05:00** बजे तक है।

अंतिम तिथि और समय के बाद प्राप्त होने वाले या किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**फा.सं.सीए-05/17/2025-सीएयू एवं एएसआरबी**
**भारत सरकार**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**
**कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग**

## केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल, मणिपुर में कुलपति के पद हेतु विज्ञापन

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) की ओर से समिति (वीसी चयन) द्वारा ख्यातिप्राप्त शैक्षणिक शिक्षाविदों (लीडर्स) से केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल, मणिपुर के कुलपति पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल की स्थापना वर्ष 1993 में संसद के एक अधिनियम द्वारा कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत एक प्रमुख संस्थान के रूप में की गई थी। यह एक पूर्णतः आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में एक विशिष्ट स्थान रखता है जिसका अधिकार क्षेत्र पूर्वोत्तर पहाड़ी राज्यों अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, नागालैंड और त्रिपुरा तक विस्तृत है।

विश्वविद्यालय उत्तर-पूर्व क्षेत्र की विशिष्ट कृषि-जलवायु आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 13 संघटक महाविद्यालयों और छह कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीकेएस) के विकेन्द्रीकृत नेटवर्क के माध्यम से कार्य करता है। विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय सात राज्यों में स्थित हैं जिनमें कृषि, पशु चिकित्सा विज्ञान, मात्स्यिकी, बागवानी, वानिकी, कृषि अभियांत्रिकी, सामुदायिक विज्ञान तथा खाद्य प्रौद्योगिकी जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मेघालय और त्रिपुरा में स्थित छह कृषि विज्ञान केंद्र "फार्म साइंस सेंटर" के रूप में प्रौद्योगिकी प्रसार का कार्य करते हैं।

केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल अपने कृषि विकास के एकीकृत दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध है, जिसका उद्देश्य ऐसे स्नातक और स्नातकोत्तर तैयार करना है जो वैज्ञानिक, उद्यमी और प्रगतिशील किसान के रूप में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। यह पूर्वोत्तर क्षेत्र को

खाद्य एवं पोषण सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसके लिए स्थानीय वातावरण के अनुरूप टिकाऊ और लाभकारी कृषि पद्धतियों का विकास किया जाता है। विशेषीकृत अनुसंधान प्रयोगशालाओं और "प्रौद्योगिकी हस्तांतरण" केंद्रों की स्थापना के माध्यम से, विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करता है कि वैज्ञानिक नवाचार किसानों और कृषि-उद्योगों के लिए व्यावहारिक उपयोग तक पहुँच सके। अंततः, सीएयू राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों तथा राज्य के विकास विभागों के साथ सक्रिय भागीदारी बनाए रखता है, ताकि उसकी शिक्षण और अनुसंधान क्षमताओं को और सुदृढ़ किया जा सके।

**कार्य विवरण**

कुलपति विश्वविद्यालय का प्रधान कार्यपालक और शैक्षिक अधिकारी होता है तथा विश्वविद्यालय के कार्यों का सामान्य पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण करता है और विश्वविद्यालय के सभी प्राधिकारियों के निर्णयों को लागू करता है।

**कौशल और क्षमताएं**

उम्मीदवार से निम्नलिखित योग्यता प्रत्याशित है -

(क) उसे कृषि या संबद्ध विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट वैज्ञानिक उपलब्धि हासिल हो।
(ख) विज्ञान, विशेषकर उच्च स्तरीय कृषि शिक्षा/अनुसंधान/विस्तार के संबंध में सफलतापूर्ण प्रशासन एवं प्रबंधन का रिकार्ड हो।
(ग) विशेषकर कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक वैज्ञानिक परिदृश्य के साथ आधुनिक और भावी दृष्टिकोण रखता हो।
(घ) शैक्षिक, अनुसंधान, विस्तार और प्रशासनिक स्टाफ को संप्रेषित और प्रेरित करने के लिए कल्पनाशीलता और प्रमाणित नेतृत्व गुण हों।
(ड़) पहल करने और नवीकरण की क्षमता हो।
(च) राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अन्य शिक्षण एवं अनुसंधान संगठनों के साथ विचार-विमर्श का अनुभव हो।
(छ) उनमें शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ उच्चतम स्तर की ईमानदारी, नैतिकता, व्यावसायिक दक्षता तथा सांस्थानिक प्रतिबद्धता हो।

**शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव**

I. उम्मीदवार के पास कृषि एवं सम्बद्ध विज्ञान में पीएचडी की डिग्री हो।

II. अनुसंधान/शिक्षण/विस्तार प्रबंधन मे 3 वर्ष के अनुभव सहित प्राध्यापक या समकक्ष कम से कम 10 वर्ष का अनुभव रखने वाले ख्यातिप्राप्त वैज्ञानिक/प्राध्यापक हों।

III. शिक्षण/अनुसंधान/विस्तार शिक्षा में योगदान का प्रमाण जिसके लिए प्रकाशित लेखन/नवाचार तथा प्रदर्शित नेतृत्वगुण का प्रमाण हो।

**कार्यकाल**

कुलपति का कार्यकाल उसके द्वारा अपना कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से पांच वर्ष अथवा जब तक उसकी आयु सत्तर वर्ष नहीं हो जाती, जो भी पहले हो, तक होगा तथा वह आगे और पांच वर्ष की अवधि अथवा सत्तर वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, पुन: नियुक्त किए जाने के लिए पात्र होगा।

**परिलब्धियां, सेवा की शर्तें एवं वेतन**

कुलपति की परिलब्धियां एवं अन्य सेवा शर्तें केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, 1992 के प्रावधानों के अनुसार होगी। कुलपति पद का वेतन शिक्षा मंत्रालय/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियम (दिनांक 02.11.2017 के (का.ज्ञा. सं. 1-7/2015-यू.II(1), समय-समय पर संशोधित) के अनुसार निर्धारित होगा। वर्तमान में इस पद का वेतन 2,10,000/- रुपए निश्चित है तथा अन्य भत्ते भारत सरकार के नियमों के अनुसार देय होंगे।

**चयन प्रक्रिया**

कुलपति पद के लिए विधिवत रूप से चयन समिति का गठन किया गया है, जिसे भारत के राष्ट्रपति ने सीएयू, इम्फाल के पर्यवेक्षक के रूप में स्वीकृति प्रदान की है। यह समिति आवेदनों का मूल्यांकन करेगी तथा जांच और परीक्षण के बाद समुचित संख्या में व्यक्तियों/उम्मीदवारों की अनुशंसा के साथ सीएयू अधिनियम, 1992 के अनुसार कुलपति पद पर विचार और चयन हेतु माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति (सीएयू, इम्फाल के विजिटर) को प्रस्तुत करेगी।

**महत्वपूर्ण टिप्पणी :**

निर्धारित प्रोफार्मा में पूर्ण रुप से भरे गए आवेदन पत्र (हार्ड प्रति) 06.07.2026 को शाम 5:00 बजे तक नीचे दिए गए पते पर पहुंच जाने चाहिए।

**समिति (वीसी चयन)**
**सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, आईसीएआर का कार्यालय,**
**कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग,**
**कक्ष सं. 108, कृषि भवन,**
**नई दिल्ली-110001**

**"लिफाफे पर "कुलपति पद हेतु आवेदन, केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल, मणिपुर" अवश्य अंकित किया जाना चाहिए।**

**अंतिम तिथि और समय के बाद प्राप्त होने वाले या किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

**विभाग किसी भी डाक विलंब के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।**

<u>प्रोफार्मा</u>

**केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल, मणिपुर के कुलपति पद के लिए आवेदन पत्र**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | (क) | नाम | : | |
| | (ख) | जन्म तिथि | : | |
| **2.** | (क) | वर्तमान* पद | : | |
| | (ख) | वेतन-मान : | : | |
| | (ग) | ईमेल आईडी : | : | |
| | (घ) | मोबाइल नं. : | : | |
| | (ड) | पत्राचार का पता : | : | |
| | (च) | क्या सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हैं (हाँ/नहीं) : | : | |
| | (छ) | सरकारी सेवा में धारित उच्चतम पद : | | |
| | (ज) | आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार आयु : | | |

*यदि पहले से सेवानिवृत्त हैं, तो अंतिम पद का उल्लेख करें।

**3. पोस्ट-डॉक्टोरल अनुभव सहित (शैक्षणिक योग्यता)**

| **परीक्षा** | **डिग्री / डिप्लोमा** | **विषय / विशेषज्ञता** | **उत्तीर्ण वर्ष (अवधि)** | **विश्वविद्यालय / संस्थान** | **श्रेणी / प्रतिशत** |
|---|---|---|---|---|---|
| मैट्रिक | 10वीं कक्षा | सामान्य | | | |
| उच्च माध्यमिक | 10+2 / इंटरमीडिएट | सामान्य / विज्ञान / कृषि / अन्य | | | |
| स्नातक डिग्री | | | | | |
| स्नातकोत्तर डिग्री | | | | | |
| पीएच.डी. | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पोस्ट-डॉक्टोरल | | | | | |
| अन्य कोई | | | | | |

4. पात्रता मानदंड के अनुसार धारित अनुभव का विवरण :

(क) कुल अनुभव (वर्ष एवं माह): _____ वर्ष ______ माह (ओवरलैपिंग के बिना)

(ख) प्राध्यापक या समकक्ष पद के रूप में कुल अनुभव (वर्ष एवं माह): _____ वर्ष _____ माह

(ग) कुल प्रशासनिक अनुभव (वर्ष एवं माह) : _____ वर्ष ______ माह

**रोजगार पूर्ववृत्त/विवरण:**

| **धारित पद** | **संगठन / विश्वविद्यालय** | **वेतन स्तर / वेतनमान** | **अवधि (से - तक)** | **कुल अवधि (वर्ष/माह)** | **कार्य का स्वरूप (शैक्षणिक/प्रशासनिक)** |
|---|---|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय संस्थान के कुलपति / निदेशक | | | | | |
| डीन / निदेशक / संयुक्त निदेशक / रजिस्ट्रार | | | | | |
| प्राध्यापक/ प्रधान वैज्ञानिक | | | | | |
| सहायक प्राध्यापक/ वरिष्ठ वैज्ञानिक | | | | | |
| सहायक प्राध्यापक/ वैज्ञानिक | | | | | |
| अन्य कोई | | | | | |

## 5. प्रशासनिक अनुभव :

| क्र. सं. | पद | कृपया संबंधित क्षेत्र पर टिक करें | | | संगठन/विश्वविद्‌ययालय | अवधि | | अनुभव (वर्ष एवं माह तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुसंधान | विस्तार | शिक्षा | | अवधि(से) | अवधि (तक) | |
| | | | | | | | | |

## 6. शिक्षा/अनुसंधान/विस्तार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान:

**क. प्रकाशन::**

**क.I कृपया मान्यता प्राप्त व्यावसायिक और/या शैक्षणिक जर्नलों में प्रकाशित शोध पत्रों (श्रेष्ठतम 50) की सूची उपलब्ध कराएं:**

**सामान्य प्रारूप:** लेखक, ए. ए., और लेखक, बी. बी. (वर्ष). लेख का शीर्षक। जर्नल का नाम, वॉल्यूम (अंक), पृष्ठ सीमा https://doi.org/xxxx तथा एनएएएस रेटिंग।

**क.II लोकप्रिय पत्रिकाओं या समाचार पत्रों में प्रकाशित लेखों की सूची।**

**कुल लेख:** ..................

| क्र. सं. | दिनांक | शीर्षक | पत्रिका/समाचार पत्र का नाम |
|---|---|---|---|
| | | | |

**ख. जर्नल एवं पुस्तकों में योगदान**

| **योगदान का प्रकार** | **विवरण** |
|---|---|
| लिखित पुस्तकें | |
| प्रधान संपादक | |
| संपादन कार्य | |
| प्रतिष्ठित जर्नलों के समकक्ष समीक्षक | |
| अंतरराष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड के सदस्य | |
| अन्य (विवरण दें) | |

**ग. अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक अनुभव (यदि कोई हो)**

| **क्र. सं.** | **पद/कार्यभार** | **संगठन/विश्वविद्यालय** | **कार्य क्षेत्र** | **अवधि** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **से** | **तक** | **वर्षों एवं महीनों में** |
| | | | | | | |

**घ. सम्मेलनों में विद्वानोचित प्रस्तुतियाँ:**

**घ.I राष्ट्रीय**

| **क्र. सं.** | **दिनांक** | **सम्मेलन/संस्थान का नाम** | **प्रस्तुति का शीर्षक/विषय (यदि किया हो)/ भूमिका (यदि कोई हो)** |
|---|---|---|---|
| | | | |

**घ.II अंतरराष्ट्रीय**

| **क्र. सं.** | **दिनांक** | **सम्मेलन/संस्थान का नाम** | **प्रस्तुति का शीर्षक/विषय (यदि किया हो)/ भूमिका (यदि कोई हो)** |
|---|---|---|---|
| | | | |

ड. आपके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विशेषज्ञता के क्षेत्र में राष्ट्रीय/अंतराष्ट्रीय मंचों में आपकी भागीदारी एवं योगदान

| | | संख्या |
|---|---|---|
| प्लेनरी/ मूल विचार/ स्मारक/ व्याख्यान/ आमंत्रित वार्ता/ दीक्षांत संबोधन | अंतरराष्ट्रीय | |
| | राष्ट्रीय | |
| सम्मेलनों में भागीदारी | अंतरराष्ट्रीय | |
| | राष्ट्रीय | |
| केंद्रीकृत परीक्षाओं इत्यादि का आयोजन | संस्थागत | |
| | राष्ट्रीय | |
| अन्य (विवरण दें) | अंतरराष्ट्रीय | |
| | राष्ट्रीय | |

च. निष्पादित अनुसंधान परियोजनाएँ:

| क्र. सं. | ग्राहक /संस्थान का नाम | परियोजना का नाम | परियोजना की अवधि (प्रारंभ एवं पूर्ण होने की तिथि) | कृपया उल्लेख करें कि क्या आपने पीआई (प्रधान अन्वेषक) या समन्वयक या सह-प्रधान अन्वेषक (सीओ-पीआई) के रूप में कार्य किया है। | अनुदान की राशि (रुपए) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

7. अकादमियों की अध्येतावृत्ति/ पुरस्कार एवं सम्मान (केवल भारत सरकार/ राज्य पुरस्कार, सरकारी संगठन/ विश्वविद्यालय एवं मान्यता प्राप्त अकादमियाँ):

| क्र.सं. | पुरस्कार/सम्मान का नाम | वर्ष | पुरस्कार/ सम्मान देने वाले संगठन/एजेंसी का नाम | पुरस्कार का प्रकार [नकद (राशि का उल्लेख करें) / प्रमाणपत्र / पट्टिका] |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**8. विश्वविद्यालय के लिए विजन एवं आवेदित पद हेतु अभ्यर्थिता का औचित्य (अधिकतम 500 शब्द):**

| |
|---|
| |

**9.** आवेदक एक ऐसा नोट जो एक पृष्ठ से अधिक न हो संलग्न करें, जिसमें कृषि अथवा/और संबद्ध विज्ञानों के क्षेत्र तथा सामान्य रूप से समाज में उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों/योगदान का उल्लेख किया गया हो।

**मैं, एतद्वारा, घोषित करता/करती हूँ कि इस आवेदन में दिए गए सभी कथन/विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं यह भी घोषित करता/करती हूँ और पूर्ण रूप से समझता/समझती हूँ कि यदि दी गई कोई भी जानकारी किसी भी स्तर पर असत्य या दोषपूर्ण पाई जाती है, तो मेरा आवेदन/अभ्यर्थिता किसी भी चरण में सरसरी तौर पर निरस्त की जा सकती है, और यदि मैं पहले से नियुक्त हूँ, तो कुलपति के पद से मेरी सेवाएँ बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती हैं तथा लागू नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।**

(आवेदक के हस्ताक्षर)

तिथि:

**महत्वपूर्ण टिप्पणी :**

निर्धारित प्रोफार्मा में पूर्ण रुप से भरे गए आवेदन पत्र (हार्ड प्रति) 06.07.2026 को शाम 5:00 बजे तक नीचे दिए गए पते पर अवश्य पहुंच जाने चाहिए।

**समिति (वीसी चयन)**
**सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, आईसीएआर का कार्यालय,**
**कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग,**
**कक्ष सं. 108, कृषि भवन,**
**नई दिल्ली-110001**

**"लिफाफे पर "कुलपति पद हेतु आवेदन पत्र, केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल, मणिपुर" अवश्य अंकित किया जाए।**

**अंतिम तिथि और समय के बाद प्राप्त होने वाले या किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

**विभाग किसी भी डाक विलंब के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।**

# प्रेस अधिसूचना

**फा.सं.सीए-05/17/2025-सीएयू एवं एएसआरबी**
**भारत सरकार**
**कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर),**
**कृषि भवन, नई दिल्ली -110001**

## रिक्ति घोषणा

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल, मणिपुर में कुलपति पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इस पद के साथ केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, 1992 के प्रावधानों के अनुसार कुलपति की सेवा के वेतन एवं अन्य शर्तें शामिल हैं।

निर्धारित प्रोफार्मा में पूर्ण रुप से भरे गए आवेदन (हार्ड कॉपी) वीसी चयन समिति, सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, आईसीएआर का कार्यालय, कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या 108, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001 में **06.07.2026 शाम 5:00 बजे** तक पहुंच जानी चाहिए।

इस पद के लिए विनिर्देशों का पूर्ण ब्यौरा एवं अन्य सूचना डेयर, आईसीएआर एवं केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, मणिपुर, इम्फाल की वेबसाइट (http://dare.gov.in/, https://icar.org.in/ and http://www.cau.ac.in/) पर देखी जा सकती है।

**नोट: अंतिम तिथि और समय के बाद प्राप्त होने वाले या किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।**